# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026


## ईरान-इज़रायल तनाव के बीच डिफेसं स्टॉक्स ने भरी उड़ान, BDL और पारस डिफेसं मे जबरदस्त तेजी।


Publisher Published on 13 Jun 2025




### इज़रायल-ईरान संघर्ष के बीच घरेलू शेयर बाजार मे भारी गिरावट, लेकिन डिफेसं कंपनियों के शेयर रॉकेट की तरह भागे। भारत डायनामिक्स, पारस डिफेसं, HAL जैसे शेयरों मे आई जबरदस्त तेजी।

**डिफेसं सेक्टर बना निवेशकों का सुरक्षित ठिकाना**
इज़रायल द्वारा **ईरान के परमाणु** ठिकानों पर किए गए जोरदार मिसाइल हमलों के बाद **वैश्विक बाजारों** में घबराहट का माहौल है। इस तनाव का असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा है, जहां **सेसेंक्स 1100 अंक** लुढ़क गया। लेकिन इस भारी गिरावट के बीच **डिफेसं सेक्टर** के शेयरों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है।

**भारत डायनामिक्स (BDL), पारस डिफेसं, HAL, इंडिया फोर्ज** और **जेन टेक्नोलॉजी** जैसे **स्टॉक्स मे 2.5%** से लेकर **8% तक** की तेजी दर्ज की गई है।

किन डिफेंस शेयरों ने दिखाई रफ्तार ?

| **कंपनी का नाम** | **तेजी (%)** | **मौजूदा कीमत (लगभग)** |
|---|---|---|
| इंडिया फोर्ज (Drone Tech) | ⍰ 8% | ₹1250 |
| HAL (Hindustan Aeronautics) | ⍰ 4% | ₹3860 |
| जेन टेक्नोलॉजी | ⍰ 4% | ₹1981 |

| | | |
|---|---|---|
| भारत डायनामिक्स (BDL) | ⍰ 2.8% | ₹1355 |
| पारस डिफेंस | ⍰ 2.5% | ₹890 |
| गार्डन रीच, कोचीन, BEL आदि | ⍰ 1.5-3% | विभिन्न |

**निवेशकों** ने डिफेंस कंपनियों को **सेफ हैवन** मानते हुए तेजी से पूंजी लगाई, जिसका सीधा लाभ इन शेयरों को मिला।

### इज़रायल का ऑपरेशन "Rising Lion"

इज़रायल ने **ईरान के परमाणु कार्यक्रमों** को रोकने के लिए शुक्रवार को एक **सैन्य अभियान** शुरू किया, जिसे "**ऑपरेशन राइजिंग लॉयन**" नाम दिया गया। **प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू** ने इस **ऑपरेशन को टारगेट-बेस्ड मिलिट्री** एक्शन बताया है।

इसके चलते **मध्य-पूर्व** में तनाव और बढ़ गया है, जिससे **ग्लोबल डिफेंस मार्केट** में हलचल तेज हुई है।

### भारत के लिए मौका ?

बाजार विश्लेषकों का मानना है कि भारत ने पहले ही **डिफेंस सेक्टर** में **आत्मनिर्भरता** की दिशा में मजबूत कदम उठाए हैं। ऐसे में मौजूदा वैश्विक तनाव भारत की **डिफेंस कंपनियों** के लिए नए निवेश के अवसर खोल सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.